>

Title: Need to provide Minimum Support Price to the cotton growers of Buldhana District, Maharashtra.

**श्री प्रतापराव गणपतराव जाधव (बुलढाणा):** मैं महाराष्ट्र के बुलढाना जिले से आता हूं जो विदर्भ का एक हिस्सा है जहां के किसान परिवार पूरी तरह से कपास की खेती पर निर्भर करते हैं, परंतु केंद्र सरकार की कपास के संबंध में जो नीतियां हैं उनसे किसानों को बहुत नुकसान होता है। किसानों की कपास जब आती है तो सरकार उस समय कपास की नीति नहीं बनाती है जिसके कारण जरूरत से ज्यादा कपास को निर्यात करने एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के कार्य में नाहक देरी होती है और इस बीच के समय में किसानों का व्यापारी लोग शोषण करते हैं। जब कपास नीति की जरूरत नहीं होती है तब सरकार कपास नीति लेकर आती है उस समय तक किसानों का कपास व्यापारी के हाथ में चला जाता है। यह सब व्यापारियों को फायदा और किसानों का शोषण करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। हमारे देश के उद्योग एवं व्यापार विभाग किसानों का शोषण करने के लिए काम कर रहे हैं जिन्हें मंत्रिगणों का समर्थन मिला हुआ है।

सरकार से अनुरोध है कि जब कपास की फसल आ जाये और उनका भंडारण होने लगे तभी कपास के संबंध में निर्यात संबंधी नीति की घोÂाणा की जाये एवं उनकी लागत के हिसाब एवं किसानों का लाभ जोड़कर कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया जाए।